पत्र सूचना कार्यालय
भारत सरकार
*****

केंद्रीय गृह मंत्री ने सीमा सुरक्षा पर उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की

नई दिल्ली, 4 अक्टूबर, 2019

सीमा सुरक्षा की वर्तमान स्थिति तथा उसको और मज़बूत करने के संबंध में एक उच्च स्तरीय बैठक का आज पूर्वाहन में केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह की अध्यक्षता में आयोजन हुआ। इस बैठक में गृह सचिव, सचिव (सीमा प्रबंधन), विशेष सचिव (आंतरिक सुरक्षा) एवं सीमा सुरक्षा बल, सशस्त्र सीमा बल, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस तथा असम राइफल्स के महानिदेशकों के अतिरिक्त गृह मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे।

बैठक में सीमा सुरक्षा को और सुदृढ़ करने के संबंध में चर्चा हुई। गृह मंत्री ने मोदी सरकार की आतंकवाद, घुसपैठ, भ्रष्टाचार एवं हथियारों, मादक पदार्थों और मवेशियों की तस्करी के प्रति "Zero Tolerance" की नीति को दौहराते हुए कड़े कदम उठाने के निर्देश दिए।

श्री शाह ने सभी महानिदेशकों को सीमा सुरक्षा को प्रभावित करने वाले सभी मुद्दों की पहचान कर एक विस्तृत कार्य योजना बनाकर गृह मंत्रालय को प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

गृह मंत्री ने कहा कि साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि जो सुरक्षा कर्मी सीमा पर तैनात हैं, उनके आवास, स्वास्थ्य एवं प्रशिक्षण की उच्च स्तरीय सुविधाएँ उपलब्ध हों। हमें यह ध्यान रखना चाहिए कि सीमा पर मुस्तैद इन्हीं सुरक्षा कर्मियों के कारण 130 करोड़ देशवासी सुरक्षित हैं।

*****

डॉ वीजी/ वीएम